## एक नजर में



### नगर पालिका परिषद में दी धर्मेंद्र कक्का को श्रद्धांजलि

**सीहोर.** पूर्व पार्षद एवं लोक निर्माण सभापति श्रीमती मधुबाला राठौर के पति स्वर्गीय धर्मेंद्र राठौर के निधन पर नपा परिषद में शोकसभा आयोजित की गई. इस दौरान जनप्रतिनिधियों, पार्षदों एवं कर्मचारियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उनकी पुण्य स्मृति को नमन किया. नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि स्वर्गीय धर्मेंद्र राठौर एक कर्मठ, सरल एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे. उन्होंने अपने व्यवहार, सामाजिक सरोकारों एवं जनसेवा की भावना से समाज में विशेष पहचान बनाई थी. शोकसभा में नपा उपाध्यक्ष विपिन शासना, पार्षद मुकेश मेवाड़ा, अर्जुन राठौर, राहुल राय, कमलेश राठौर, दिनेश कुशवाहा, राजेश मांझी, दिलीप राठौर लोकेंद्र वर्मा, कमलेश कुशवाहा आदि उपस्थित थे.




### सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर विशेष प्रशिक्षण शुरू

**सीहोर.** आगामी सिंहस्थ के सफल एवं सुरक्षित आयोजन के दृष्टिगत जिले में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए 6 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कोर्स का शुभारंभ सोमवार से पुलिस नियंत्रण कक्ष में किया गया. पहले दिन एसपी श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना ने कर्मचारियों को सिंहस्थ ड्यूटी की बारीकियों और उसके महत्व के संबंध में आवश्यक समझाइश देकर उनका मार्गदर्शन किया. इस अवसर पर एएसपी श्रीमती सुनीता रावत, रक्षित निरीक्षक उपेंद्र यादव, उप निरीक्षक राहुल श्रीवास्तव सहित प्रशिक्षण के पहले बैच में शामिल 45 कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित थे.



### राष्ट्र शिल्पी-शिक्षक समागम में विद्वानों ने रखे विचार

**सीहोर.** राष्ट्रीय अस्मिता जागरण न्यास के तत्वावधान में आचार्य चाणक्य जयंती पर राष्ट्र शिल्पी-शिक्षक समागम का आयोजन किया गया. जिसमें आदर्श शिक्षकों के अनुभव, विचार और जीवन-दृष्टि के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए नई ऊर्जा का संचार करने पर गहन मंथन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा के पूर्व राज्यपाल प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी ने राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की महती भूमिका को रेखांकित किया. मुख्य वक्ता राज्य सूचना आयोग के राज्य आयुक्त डॉ. उमाशंकर पचौरी ने आचार्य चाणक्य के सिद्धांतों और शिक्षण के माध्यम से शिखर को स्पर्श करने की प्रेरणा पर विचार रखे. समागम में विशिष्ट अतिथि जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर तथा निजी विवि विनियामक आयोग के पूर्णकालिक सचिव डॉ. देवेंद्र सिंह गुर्जर उपस्थित थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सुदेश राय द्वारा की गई. कार्यक्रम का संचालन सुरेश गुप्ता द्वारा किया गया. आगंतुकों के प्रति आभार प्रदर्शन डॉ. गगन नामदेव ने व्यक्त किया.



### महिला मंडल ने अधिक मास में किए धार्मिक कार्यक्रम

**सीहोर.** माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा अधिक मास के अवसर पर अनेक धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं. माहेश्वरी समाज महिला मंडल अध्यक्ष संगीता राठी एवं सचिव अनीता बांगड द्वारा बताया कि रात्रि में लाइट बंद करने के बाद 1001 दीप जला कर भगवान की आराधना एवं नृत्य, भजन का आयोजन किया गया एवं देश मे खुशहाली एवं अच्छी वर्षा की कामना की गई. कार्यक्रम में प्रतिभा झंवर, सत्य भामा, कांता गट्टाणी, गीता झंवर, सरोज झंवर, लीला कुइया, राधा सोडाणी, प्रतिभा चांडक, रजनी बाहेती, ज्योति झंवर, रानी तोषनीवाल, मधु धूत, आभा, शशि झंवर, आशा बियानी भावना, रानी चांडक, सुशीला राठी, सरोज चांडक, सुधा लाहोटी, रश्मि बाहेती, सुधा झवर, सरिता, आभा कासट, अनिता सोडाणी, शिवानी कासट, सुषमा काबरा, आभा चांडक हर्षा, मेघा हूरकट, कविता झंवर, प्रिया मूंदड़ा, साक्षी झंवर, तृप्ति कुइयां, नेहा झंवर, अंशुली झवर, अदिति बांगड, प्रेरणा राठी, सुरभि राठी, रितिका राठी, शेफाली सोडाणी, स्वेता साबू, सुरभि सोडाणी आदि उपस्थित थे. जिलाध्यक्ष गीता सोडानी, प्रमिला साबू, शोभा चांडक, गायत्री साबू एवं आशा हुरकट द्वारा कार्यक्रमों की सराहना की गई.

### कर्मचारी संघ अपनी मांगों के समर्थन में सौंपेगा ज्ञापन

**सीहोर.** मप्र लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी के आव्हान पर सहायक वर्ग 3 के लिए सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण करने के आदेश चाहे वह सहायक वर्ग 3 सीधी भर्ती अथवा अनुकम्पा नियुक्ति के माध्यम से लगा हो. विगत दिनों शासन द्वारा ऐसे सहायक वर्ग 3 जिनकी आयु सीमा 40 वर्ष से अधिक हो गई हो, उनके लिए भी सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है. शासन के इन निर्देशों के विरोध में लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की प्रांतीय शाखा द्वारा 8 जून को सतपुड़ा, विंध्याचल भवन पर एकत्रित होकर ज्ञापन सौंपा जाएगा. संघ के संरक्षक सुन्दरलाल राठौर, जेबी सिंह, राजेन्द्र मिश्रा, दिग्विजय सिंह, अरूण ठाकुर, संतराम जाटव, रामनारायण परमार, ब्रजेश विश्वकर्मा, अंशुल शर्मा, अंकुर शर्मा, राजेन्द्र झलावा, अरविन्द साहू, मुकेश शर्मा, सिद्धार्थ राठौर, मंसूर अली, रवि विश्वकर्मा, सरोज भल्लावी, स्नेहलता सक्सेना, पूजा गुप्ता, दीपशिखा ठाकुर, सीमा विश्वकर्मा, प्रीति बिलवार, रंजना पारासर, लक्ष्मी साहू, सुदीप तोमर, नीरज खरे आदि ने उपस्थित होने की अपील की है.

# प्री मानसून की दस्तक, तरबतर हुआ शहर

## सोमवार को आंधी, बारिश होने के कारण मौसम हुआ खुशनुमा, कई जगह उखड़े पेड़, उड़ी चादरें



**सीहोर.** सोमवार को भी दोपहर में मौसम बिगड़ा, तेज हवाओं के साथ जिलेभर में जोरदार बारिश हुई. कई जगह विशाल पेड़ भी उखड़ गए.

- दिन भर की तपन के बाद बदला मौसम, जिले भर में बारिश
- तेज हवाओं ने कई स्थानों पर उखाड़े पेड़, यातायात हुआ ठप

नवभारत न्यूज

**सीहोर 1 जून. भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे जिलेवासियों को सोमवार को मौसम ने बड़ी राहत दी। सुबह तक तीखी धूप और गर्म हवाओं से लोग परेशान रहे, लेकिन दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई. जिला मुख्यालय सहित आष्टा, भैरूंदा, इछावर, अमलाहा और आसपास के क्षेत्रों में हुई बारिश ने नौतपा की तपिश को काफी हद तक शांत कर दिया. बारिश के चलते दिन के अधिकतम तापमान में सीधे 5.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई.**

सोमवार को दोपहर करीब 12.30 बजे के बाद आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया. रुक-रुककर करीब दो घंटे तक तेज बारिश होती रही, जिसके बाद देर शाम तक रिमझिम वर्षा का सिलसिला जारी रहा. मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली और वातावरण पूरी तरह खुशनुमा हो गया.

मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं रविवार को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस था. यानी दिन के तापमान में 5.5 डिग्री की गिरावट और रात के तापमान में 2.5 डिग्री बढ़ोतरी दर्ज की गई.

आरएके कृषि महाविद्यालय स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आई नमी के कारण जिले में प्री-मानसून गतिविधियां सक्रिय हुई हैं. यही वजह है कि तापमान में गिरावट और वर्षा की स्थिति बनी है. उन्होंने बताया कि यदि मानसून की वर्तमान गति बनी रहती है तो 15 से 20 जून के बीच मध्य प्रदेश में मानसून प्रवेश कर सकता है, जबकि जिले में 20 से 22 जून के बीच इसके सक्रिय होने की संभावना है. तब तक रुक-रुककर प्री-मानसून वर्षा होती रहेगी. इधर शहर के चाणक्यपुरी क्षेत्र स्थित सेंट एन्स स्कूल के पास एक बिजली डीपी के खंभे में करंट फैलने से दो बकरियों की मौत हो गई. करंट की चपेट में आने से दोनों बकरियां मौके पर ही दम तोड़ गईं. सूचना मिलने पर बिजली कंपनी के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर बिजली सप्लाई बंद कर डीपी की मरम्मत की गई.

### तेज हवाओं के चलते हाईवे पर रेंगते नजर आए वाहन

बारिश के साथ चली तेज आंधी का असर कई इलाकों में देखने को मिला. आष्टा-अमलाहा क्षेत्र में करीब 90 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं. अमलाहा में बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई. तेज हवाओं के कारण सड़क किनारे खड़े कई पेड़ों की डालियां टूटकर सड़कों पर आ गिरीं, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ. भोपाल-इंदौर हाईवे पर भी कई स्थानों पर पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आईं. नतीजतन वाहन रेंगते नजर आए. इसी तरह काहिरी रोड पर एक विशाल पेड़ सड़क पर गिर जाने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया. ग्रामीणों ने पेड़ को काटकर रास्ता साफ किया, तब आवागमन सामान्य हो सका. कई स्थानों पर कच्चे मकानों की चादरें और खपरैल भी उड़ने की सूचना मिली है.

### नौतपा खंडित होने से शुरू हुआ अटकलों का दौर

प्री मानसून बारिश के बाद नौतपा के खंडित होने की चर्चा भी शुरू हो गई है. मौसम जानकारों के अनुसार इस बार नौतपा के दौरान बारिश होने से पारंपरिक मान्यताओं के आधार पर मानसून के कमजोर रहने की आशंका जताई जा रही है. मान्यता है कि रोहिणी नक्षत्र के दौरान होने वाली तेज गर्मी मानसून को मजबूती देती है, जबकि इस अवधि में बारिश होने पर मानसून अपेक्षाकृत कमजोर रह सकता है. हालांकि वैज्ञानिक रूप से मानसून की स्थिति आगामी दिनों के मौसमीय कारकों पर निर्भर करेगी. फिलहाल नौतपा खंडित होने से चर्चाओं का दौर बना हुआ है.

### सीमेंट सप्लाई के नाम पर लाखों की ठगी

**सीहोर.** शहर के चाणक्यपुरी क्षेत्र निवासी एक ठेकेदार से अल्ट्राटेक सीमेंट की सप्लाई दिलाने के नाम पर 2 लाख 23 हजार 600 रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है. शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार फरियादी आशीष विश्वकर्मा ने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी. इसके बाद ई-जीरो एफआईआर दर्ज की गई. शिकायत में बताया गया कि वह ठेकेदारी का कार्य करता है और उसे बड़ी मात्रा में अल्ट्राटेक सीमेंट की आवश्यकता थी. उसे एक सीमेंट व्यापारी के माध्यम से स्वयं को अल्ट्राटेक कंपनी का सेल्समैन बताने वाले दीपक अग्रवाल का मोबाइल नंबर मिला. आरोपी ने सीमेंट देने का भरोसा दिलाकर 20 मई को आरटीजीएस के माध्यम से 2 लाख 23 हजार 600 रुपये पंजाब एंड सिंध बैंक के एक खाते में जमा करा लिए. बाद में आरोपी ने 2000 बोरी सीमेंट भेजने के लिए कुल 5.20 लाख रुपये जमा कराने की शर्त रखी. फरियादी ने जमा राशि के अनुसार सीमेंट भेजने या पैसे वापस करने की मांग की, लेकिन न तो सीमेंट मिला और न ही राशि वापस की गई. शक होने पर फरियादी ने कंपनी से संपर्क किया, जहां से जानकारी मिली कि उक्त नाम का कोई सेल्समैन कंपनी में कार्यरत नहीं है. पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक और बैंक खाते के संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## नाबालिग का अपहरण करने वाला आरोपी धराया

नवभारत न्यूज

**भेरूंदा 1 जून.** विवाह करने का झांसा देकर नाबालिग का अपहरण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर बालिका को परिजनों को सौंप दिया है.

जानकारी के अनुसार 19 मई को फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी लड़की का कोई अपहरण कर ले गया है. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू कर दी. आरोपी की तलाश करने थाना प्रभारी घनश्याम दांगी के नेतृत्व में टीम गठित की गई व सायबर सैल की मदद से गठित टीम द्वारा अपहर्ता की तलाश व अज्ञात आरोपी की तलाश हर संभावित स्थान पर की गई. पुलिस ने ग्राम पटरानी के आरोपी उमेश उईके पिता महेश



उईके थाना हरणगांव जिला देवास के कब्जे से बालिका को बरामद किया. बालिका ने बताया कि आरोपी उमेश उईके द्वारा शादी का झांसा देकर भगाकर ले जाना व शारीरिक शोषण करना बताया. जिसपर पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी को न्यायालय पेश किया गया. जहां से उसे जेल भेजा गया. इस कार्रवाई में उप निरीक्षक पूजा सिंह राजपूत, सूरज सिंह सल्लाम, दिनेश जाट, प्रकाश नर्रे, प्रीति काजले आदि की भूमिका रही.

## अधूरे नाली निर्माण ने खोली पोल, फंसा कंटेनर

- निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल
- क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से की जांच की मांग

नवभारत न्यूज

**रेहटी 1 जून.** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रोड़ निर्माण में शुक्ला कंपनी द्वारा कराए जा रहे नाली निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. निर्माण कार्य अभी पूर्ण भी नहीं हो पाया था कि उसकी वास्तविक स्थिति सामने आने लगी.

हाल ही में एक भारी-भरकम कंटेनर ट्रक नवनिर्मित नाली में धंस गया, जिससे निर्माण कार्य की मजबूती और गुणवत्ता को लेकर क्षेत्र में चर्चा शुरू हो गई है. नागरिकों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की गई है तथा विभागीय अधिकारियों द्वारा निगरानी नहीं की गई. ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों रुपए की लागत की परियोजना शुरू से अनियमितता के आरोपों में घिरी रही है और अब कंटेनर धंसने की घटना ने वास्तविकता को उजागर कर दिया है.

ग्रामीणों के अनुसार यदि निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप किया गया होता तो इस प्रकार की घटना सामने नहीं आती. लोगों का आरोप है कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से लेकर



तकनीकी मानकों में लापरवाही बरती गई है, जिसके कारण अधूरा निर्माण कार्य समय से पहले ही जवाब देने लगा है. क्षेत्रवासियों ने शासन और प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग कर दोषी अधिकारियों, ठेकेदारों और संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की भी मांग की है. ग्रामीणों का कहना है यदि समय रहते जिम्मेदारों की जवाबदेही तय नहीं की गई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है.

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा का अनावरण

**सीहोर.** नपा के तत्वाधान में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर भवन में प्रतिमा का अनावरण किया गया. इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन एवं उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने देश को संविधान प्रदान कर सामाजिक समानता, न्याय और अधिकारों की मजबूत नींव रखी. उनका जीवन संघर्ष, शिक्षा और समाज सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण है. उन्होंने कहा कि हमें बाबासाहेब के बताए मार्ग पर चलकर समाज में समरसता, भाईचारा और समान अवसरों की भावना को आगे बढ़ाना चाहिए. कार्यक्रम में अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

## प्रतिभा सम्मान समारोह में कई विद्यार्थी व विभूतियां सम्मानित

- नवोदित कला मंच व जन परिषद ने किया सम्मान
- टीम संडे का सुकून को मिला प्रेरणाविद जनसेवा सम्मान

नवभारत न्यूज

**सीहोर 1 जून.** नवोदित कला मंच एवं जन परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 32 वें प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं व विभूतियों को सम्मानित किया गया.

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती अरुणा सुदेश राय एवं अतिथियों द्वारा किया गया. सरस्वती कथक नृत्य कला केंद्र की छात्राओं ने डॉ. रूपाली सोनी के मार्गदर्शन में सुंदर समूह नृत्य




प्रस्तुति दी. श्रीमती राय के मुख्य आतिथ्य, डॉ. रोहिताश्व शर्मा की अध्यक्षता, डॉ. अनीस खान के नेतृत्व, कमलेश शर्मा कमल के मार्गदर्शन एवं मुख्य संरक्षक अखिलेश राय के दिशा-निर्देश में कार्यक्रम संपन्न हुआ. संरक्षक हरीशचंद्र अग्रवाल, डॉ. केके नेमा, राजेश काशिव, विशेष अतिथि रमेश राही, शायर खलील कुरैशी, जन परिषद प्रांतीय सचिव रऊफ लाला, उमा पालीवाल उपस्थित थे. समारोह में शहर की समर्पित सामाजिक संस्था टीम संडे का सुकून को प्रेरणा विद् जनसेवा सम्मान से सम्मानित किया गया. इसके अलावा 21 विभूतियों को सम्मानित किया गया. जिनमें टीम संडे का सुकून, डॉ. केके नेमा निर्झर, डॉ. रोहिताश्व शर्मा, रमेश शर्मा गमगीन, रक्तदाता रविकांत कुमरे, डॉ. केदारनाथ मुंठे, गोविंद लोवानिया, अजय अयरे, एनी अलेक्स, रामगोपाल आर्य, मुकेश कुमार इतावदिया, राजू सोनी, रोहित बैरागी, स्व. मनोहर लाल महेश्वरी, नीलू चौहान, खुशबू चंद्रवंशी, खुशी राय, राकेश मेवाड़ा, मोहित ठाकुर, अगस्त्य गुप्ता, आख्या अग्रवाल, नित्या नामदेव आदि शामिल थे.

नवोदित कला मंच के महामंत्री नवीन सोनी ने बताया कि इस वर्ष शहर के विभिन्न स्कूलों के 150 से अधिक छात्र-छात्राओं को सरस्वती विद् सम्मान से नवाजा गया. मुख्य अतिथि श्रीमती राय ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगे भी खूब मेहनत करके बड़ा मुकाम हासिल करने की अपील की. उन्होंने कहा कि संस्था के संस्थापक स्व. सुरेश जायसवाल के दिखाए मार्ग पर प्रतिभा को मंच उपलब्ध कराकर सम्मानित करना अपने आप में अद्भुत कार्य है. कार्यक्रम को सफल बनाने में एससी हुरमाडे, नवीन सोनी, सुरेश श्रीवास्तव, रामदास साहू, गोविंद लोवानिया, फौजी हबीब खान, डॉ. अखिलेश हठीला, डॉ. साक्षी जैन, उपाध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने मंच संचालन किया.

**प्रदर्शन** — जिला कांग्रेस ने धरना देकर पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में सौंपा ज्ञापन

## सीएम के बयान पर बवाल, कांग्रेस ने लाठीचार्ज का किया विरोध

नवभारत न्यूज

**सीहोर 1 जून.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद जिले में भी सियासी पारा गर्म हो गया है. आष्टा में कांग्रेसियों ने उग्र प्रदर्शन किया, जिसे काबू में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज तक करना पड़ा. इस पूरी घटना के विरोध में सोमवार को कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की.

मुख्यमंत्री के इस बयान के विरोध में रविवार को आष्टा में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सीएम डॉ. मोहन यादव का पुतला फूंकने का प्रयास किया. तैनात पुलिस बल ने उनसे पुतला छीन लिया. इस दौरान पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी झड़प हो गई. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने कांग्रेसी नेताओं पर लाठियां बरसाना शुरू कर दिया. पुलिसकर्मियों द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दौड़ा-दौड़ाकर मारते हुए वीडियो भी सामने आए हैं, जिससे मामला और ज्यादा तूल पकड़ गया.

सीएम के बयान व लाठीचार्ज के विरोध में सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कांग्रेसी अंबेडकर पार्क पहुंचे और रघुपति राघव राजाराम भजन गाकर डॉ.मोहन यादव को सद्बुद्धी के लिये प्रार्थना की एवं सरकार व पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया. इसके बाद सभी कांग्रेसी रैली के रूप में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे. आष्टा में हुई लाठीचार्ज की घटना को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत को एक ज्ञापन सौंपा. कांग्रेस ने ज्ञापन में कहा कि जिन पुलिसकर्मियों ने आष्टा में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं पर बर्बरतापूर्वक लाठियां बरसाई हैं, उन्हें तुरंत प्रभाव से निलंबित किया जाए. इस अवसर पर विवेक राठौर, घनश्याम यादव, कमलसिंह चौहान, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रीतम दयाल चौरसिया, रमेश गुप्ता, प्रेमनारायण परमार, एच.आर.परमाल, सुभलसिंह ठाकुर, लोकेन्द्र सिंह भाटी, संदीप



सिंह ठाकुर, आत्माराम परमार, चन्दरसिंह ठाकुर, अमित पटेल, रामचरण दवारिया, बंशीलाल बाम्बे, रूपसिंह गोरिया, राकेश वर्मा, नरेन्द्र खंगराले, केके रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, कपिल गौर, संतोष मालवीय, आसिफ अंसारी, पंकज शर्मा, सुखसिंह, नायाब खान, गजराज परमार, संतोष मालवीय, हरिओम सिसोदिया, लक्की सक्सेना, तनिष्क त्यागी, यश यादव, अनुभव सेन, शुभम त्यागी, विवेक टांक, दिव्यांश मालवीय, अभिषेक लोधी, प्रवेश परिहार, जितेन्द्र परमार सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे.

### पेट्रोल पंपों का निरीक्षण करने के निर्देश

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के ने सभी एसडीएम एवं जिला आपूर्ति अधिकारी को जिले के सभी पेट्रोल पंपों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा कि पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि आम नागरिकों एवं किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े. उन्होंने कृषि कार्यों को ध्यान में रखते हुए कहा कि किसानों को डीजल के लिए भटकना न पड़े. इसके लिए आवश्यकतानुसार डीजल की पर्याप्त उपलब्धता एवं वितरण सुनिश्चित किया जाए. कृषि कार्य के लिए डीजल की निर्बाध उपलब्धता किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए अधिकारी लगातार निगरानी रखकर व्यवस्था बनाए रखें.

## ट्रांसपोर्टर ने बढ़ाया मालभाड़ा

डीजल की बढ़ती कीमतों के चलते ट्रांसपोर्टरों ने माल ढुलाई दरों में भी वृद्धि कर दी है. पहले 50 किलोग्राम तक वजन वाले माल पर 60 रुपए प्रति नग भाड़ा लिया जाता था, जिसे बढ़ाकर 70 रुपए कर दिया गया है. इसी तरह 70 से 100 किलोग्राम वजन वाले माल पर पहले 100 रुपए प्रति नग भाड़ा लिया जाता था, जो अब 120 रुपए तक पहुंच गया है. ट्रांसपोर्टर्स का कहना है कि डीजल के बढ़ते दामों के कारण

भास्कर संवाददाता. सीहोर

सांदीपनि विद्यालय में निजी स्कूलों के बच्चों को प्रवेश नहीं मिलेगा। विद्यालय में प्रवेश के लिए प्राथमिकता सरकारी स्कूलों के बच्चों को दी जाएगी, अगर सीट रिक्त रहती हैं तो ही निजी स्कूल के बच्चों को एडमिशन मिल पाएगा। जिसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय ने गाइडलाइन भी जारी कर दी है।

इस नए आदेश के बाद अब निजी स्कूलों से सरकारी सांदीपनि स्कूलों में आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रवेश का रास्ता तो खुला है, लेकिन इसमें वेटिंग लिस्ट जैसी स्थिति रहेगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पहली प्राथमिकता सरकारी स्कूलों के बच्चों को दी जाएगी, उसके बाद सीटें रिक्त रहने पर ही निजी स्कूल के बच्चों पर विचार होगा। साथ ही कक्षा 8वीं तक निजी स्कूलों में शिक्षा के अधिकार के तहत पढ़ने वाले छात्रों को रिक्त सीटों पर वरीयता दी जाएगी। स्कूल प्राचार्यों का दावा है कि एडमिशन की प्रक्रिया तो चल रही है। लेकिन प्राथमिकता सरकारी स्कूलों को दी जा रही है। इसके लिए भोपाल से ही निर्देश मिले हैं कि पहले सरकारी स्कूलों के बच्चों को एडमिशन दिया जाए। सीट बची तो प्राइवेट को मिल पाएंगे। कुछ सरकारी स्कूल मर्ज होने का चल रहा है उसके होने के बाद क्लियर स्थिति सामने आ पाएगी।

कम नामांकन वाले स्कूल होंगे मर्ज, विरोध भी शुरू

आदेश के मुताबिक सांदीपनि स्कूलों के नए भवनों के पास संचालित ऐसे सरकारी स्कूल जहां छात्रों की संख्या कम है, उन्हें सांदीपनि स्कूल में समाहित किया जाएगा। उन स्कूलों के सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से प्रवेश दिया जाएगा। इससे उन बच्चों को बेहतर लैब, लाइब्रेरी और खेल मैदान की सुविधा मिल सकेगी। सीहोर जिले में अभी तीन सांदीपनी स्कूल के आसपास के स्कूल चिन्हित किए गए हैं। हालांकि इनके मर्ज होने की जानकारी लगते ही विरोध भी शुरू हो चुका है।

सीहोर जिले में कुल 14 सांदीपनी स्कूल, 3 के भवन हैंडओवर

सीहोर जिले में कुल 14 सांदीपनी स्कूल हैं। इनमें से 9 स्कूलों के भवन स्वीकृत किए गए थे जिनका निर्माण वर्ष 2024 में ही पूरा होना था। लेकिन स्थिति यह है कि अब तक मात्र 3 स्कूल ही शिक्षा विभाग के हैंडओवर हो पाए हैं। जिसके कारण सांदीपनी स्कूलों का लाभ पूरे जिले के बच्चों को नहीं मिल पा रहा है। खास बात यह है कि स्कूल के भवन भले नहीं बन पाए लेकिन इस योजना का नाम जरूर बदल चुका है। सबसे पहले सीएम राइज स्कूल के नाम से योजना शुरु की गई थी। बाद में इन स्कूलों का नाम सीएम राइज से बदलकर सांदीपनी कर दिया गया है।

0000000000000000

## एक नजर में

### यादव बने महासभा के जिलाध्यक्ष

सीहोर. वार्ड क्रमांक 12 पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम यादव को अखिल भारतीय यादव महासभा मप्र के अध्यक्ष जगदीश यादव की सहमति एवं एडवोकेट उमेश यादव, लखन यादव, राम सजीवन यादव, राम मोहन यादव की अनुशंसा से अखिल भारतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष पद पर मनोतनत किया गया है.

घनश्याम यादव ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो दायित्व सौंपा गया है उसको मैं पूरी ईमानदारी व सक्रियता के साथ निवर्हन करुंगा और समाज हित में कार्य करना ही मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी.इस मौके पर कैलाश यादव, मोहन यादव, सीताराम यादव, भूरा यादव, राहुल यादव, विजय यादव, धर्मेन्द्र यादव, प्रदुन यादव, औंकार यादव, राधेश्याम यादव, नन्दलाल यादव, रमेश यादव, गगन पहलवान, किशन यादव, गेंदालाल यादव, गोपाल यादव, चन्नीलाल यादव, गब्बर यादव, मन्नुलाल यादव, सूरज यादव, नीरज यादव, प्रकाश यादव, रोहित यादव, दीपक यादव, नरेश यादव, मनोज यादव आदि ने बधाई दी.

## एक नजर में

01

### माहेश्वरी समाज ने मनाया अन्नकूट महोत्सव, लगाया 56 भोग

**सीहोर.** शहर के छावनी स्थित माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी समाज के तत्वाधान में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया. इस मौके पर गिरिराज बाबा की झांकी सजाई और 56 भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया. माहेश्वरी समाज अध्यक्ष योगेश राठी व महिला मंडल अध्यक्ष आभा कासट ने बताया कि दीपावली के पश्चात प्रतिवर्ष समाज द्वारा 56 भोग और गिरिराज बाबा की झांकी सजाई जाती है. इस मौके पर भजन कीर्तन से